देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 238 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**तकदीर का खेल



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 26 दिसंबर 2021



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 5.0° | 40243.39 | 2 चीनी मछुआरों को नहीं लूटने देंगे समुद्र | 7 राजनीति की पिच पर उतरेंगे हरभजन ?

# संयुक्त समाज मोर्चा की सियासी हसरत

## 32 में से 22 किसान संगठनों ने पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तीनों कृषि कानून वापस होने के बाद दिल्ली के सभी बॉर्डर से किसान लौट चुके हैं और अब इस आंदोलन में शामिल कई संगठनों ने पंजाब में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। किसान आंदोलन में पंजाब से भाग लेने वाले 32 में से 22 संगठनों ने शनिवार चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी का नाम संयुक्त समाज मोर्चा होगा। मोर्चे ने दावा किया है कि वह सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी का चेहरा बलवीर सिंह राजेवाल होंगे। किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी अपनी पार्टी पहले ही बना चुके हैं और वो 100 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर चुके हैं।

**गुरनाम सिंह चढूनी ने बनाई पार्टी:** भारतीय किसान यूनियन के नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने संयुक्त संघर्ष पार्टी नाम से राजनीतिक दल बनाया है। उनकी पार्टी आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव में 100 से अधिक सीटों पर लड़ती नजर आएगी। चढूनी का कहना है कि राजनीति दूषित हो चुकी है, इसलिए इसमें बदलाव की जरूरत है। चढूनी सक्रिय राजनीति में आने वाले पहले किसान नेता बन गए जो कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन अगुवाई कर रहे थे।

**राकेश टिकैत को लेकर सवाल बरकरार**

किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत का अगला सियासी कदम क्या होगा इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहले ही कह दिया है कि राकेश टिकैत चुनाव लड़ना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। राकेश टिकैत अब तक चुनाव लड़ने के सवाल के किसी संभावना को नकारते रहे हैं। हालांकि जिस प्रकार से उनके बयान सामने आते हैं उसके राजनीतिक मायने निकाले जाते हैं।



### चढूनी के बाद कई और नेता कूदेंगे चुनावी मैदान में

पंजाब चुनाव से पहले शनिवार किसान आंदोलन में पंजाब से भाग लेने वाले 32 में से 22 संगठनों की ओर से बड़ा ऐलान किया गया। 22 संगठन मिकलकर संयुक्त समाज मोर्चा के बैनर तले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। किसान नेताओं का दावा है कि वह सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मुमकिन है कि आने वाले समय में कुछ और संगठन उनके साथ आएं। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार इस मोर्चे की कुछ दलों के साथ गठबंधन की बात भी चल रही है।

**खड़े हुए थे सवाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि कानूनों के विरोध को राजनीतिक धोखाधड़ी करार दिया था। पीएम मोदी ने ओपन मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा था कि श्कई राजनीतिक दल हैं जो चुनाव से पहले बड़े–बड़े वादे करते हैं, उन्हें मैनिफेस्टो में भी डालते हैं।

फिर, जब वक्त आता है वादा पूरा करने का तो यही दल यू–टर्न ले लेते हैं और अपने ही किए वादों को लेकर हर तरह की मनगढ़ंत और झूठी बातें फैलाते हैं। अगर आप किसान हित में किए गए सुधारों का विरोध करने वालों को देखेंगे तो आपको बौद्धिक बेइमानी और राजनीतिक धोखाधड़ी का असली मतलब दिखेगा।

किसान आंदोलन समाप्त होने के बाद एक के बाद एक किसान संगठन राजनीति के मैदान में उतरते दिखाई दे रहे हैं। जिसको लेकर अब एक नई बहस छिड़ सकती है।

### पंजाब में किसानों के आंदोलन पर चुप्पी क्यों

दिल्ली में किसानों का आंदोलन एक साल तक चला और मांगें पूरी हो जाने के बाद किसान लौट चुके हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब में ठंड के मौसम में किसान रेल पटरी पर बैठे हैं लेकिन इसको लेकर किसी किसान नेता का बयान सामने नहीं आया है। सवाल खड़े हो रहे हैं कि राकेश टिकैत और चढूनी कहां हैं। अभी तक पंजाब में किसानों के इस आंदोलन पर कोई बड़ा नेता जो दिल्ली में मौजूद था उसका बयान सामने नहीं आया है। पीएम मोदी के अलावा कई बार दूसरे नेताओं ने भी इस पर सवाल खड़े किए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली में भारत दर्शन पार्क का किया उद्घाटन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिणी दिल्ली के पंजाबी बाग में स्थित भारत दर्शन पार्क का शुभारंभ किया। इस मौके पर दिल्ली के एलजी अनिल बैजल, दक्षिणी दिल्ली के मेयर मुकेश सुर्यान और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता समेत कई पार्टी नेता मौजूद हैं। दक्षिणी निगम ने वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए पंजाबी बाग क्षेत्र में एक बेहद आकर्षक व बेहतरीन "भारत दर्शन पार्क" विकसित किया है।

### राजस्थान में ओमिक्रोन के 21 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना के नए वैरिएंट का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। देश में ओमिक्रोन के कुल मामलों की संख्या 444 तक पहुंच गई है। राजस्थान में ओमिक्रोन के 21 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 11 जयपुर में, छह अजमेर जबकि तीन उदयपुर में पाए गए हैं।

# नए साल के लिए मसूरी आ रहे हैं तो साथ लाए ये दस्तावेज

## शनिवार को उत्तराखंड में मिले 42 नए मामले

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में बीते 24 घंटे में 42 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि 34 मरीज स्वस्थ हुए हैं और एक मरीज की मौत हुई है। फिलहाल 237 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। अब तक प्रदेश में 344766 लोग संक्रमित हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आठ जिलों में 42 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। देहरादून में 21, पिथौरागढ़ में नौ, नैनीताल में पांच, हरिद्वार और टिहरी में दो–दो, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर व उत्तरकाशी जिले में एक–एक नया संक्रमित मिला है। बीते 24 घंटे में 34 मरीजों को ठीक होने के बाद घर भेजा गया है। इन्हें मिलाकर अब तक 330886 कोरोना संक्रमित स्वस्थ हो चुके हैं।

अगर आप नए साल के जश्न के लिए मसूरी आना चाहते हैं तो डबल डोज वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र और आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट साथ लेकर आएं। जिलाधिकारी ने कोरोना रोकथाम के लिए शनिवार को दिशा–निर्देश जारी किए गए। जिसमें जिन पर्यटकों ने होटलों की बुकिंग एडवांस की है। केवल वह ही सामाजिक दूरी के साथ नव वर्ष का जश्न मना सकते हैं। इसके साथ ही नए जश्न को सौ लोगों के साथ सादे समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

मसूरी एसडीएम मनीष कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कोरोना को लेकर नए दिशा निर्देश मिले हैं। उसका पालन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मसूरी में आने वाले पर्यटकों के पास 72 घंटे की आरटीपीसीआर रिपोर्ट है और जिन लोगों की डबल डोज वैक्सीन लगी है उनको आने की अनुमति दी जाएगी। कुठाल गेट के पास पर्यटकों की चेकिंग की जा रही है। होटलों में सौ से अधिक लोग किसी भी समारोह में शामिल नहीं होंगे। होटलों की चेकिंग और निगरानी लगातार की जाएगी।

### यूपी बार्डर और चिलरखाल चेकपोस्ट पर सैंपलिंग शुरू

देहरादून में ओमिक्रॉन की दस्तक से पौड़ी गढ़वाल जिले के सभी बॉर्डर और चेकपोस्ट पर मेडिकल टीम तैनात कर दी गई है। कोटद्वार के यूपी बॉर्डर पर खास निगाह रखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ही जिले का पुलिस महकमा भी अलर्ट मोड पर आ गया है। हर दिन यूपी बॉर्डर पर 75 से 100 लोगों के सैंपल लिए जा रहे हैं। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन से जहां लोगों में डर बढ़ने लगा है।

# जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। सुरक्षाबलों ने कश्मीर में खून खराबे का मौका तलाश रहे चार आतंकियों को शनिवार को शोपियां और पुलवामा में हुए मुठभेड़ में मार गिराया। चारों आतंकी लश्कर–ए–तैयबा का हिट स्क्वाड कहे जाने वाले आतंकी संगठन टीआरएफ से जुड़े हुए थे। इनमें एक आतंकी 22 दिन पहले ही सक्रिय हुआ था। इससे पहले शुक्रवार अनंतनाग जिले के बिजबिहारा में हिजबुल मुजाहिदीन के कुख्यात आतंकी शहजाद अहमद सेह को ढेर किया गया था। यानी 24 घंटे में पांच आतंकी मारे जा चुके हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को शुक्रवार की आधी रात के करीब जिला शोपियां के चौगाम में दो आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस ने उसी समय सेना की 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14वीं वाहिनी के जवानों के साथ मिलकर आतंकियों को पकड़ने के लिए चौगाम में घेराबंदी शुरू की। सुबह चार बजे के करीब पुलिस ने जैसे ही तलाशी लेते हुए आगे बढ़ना शुरू किया, एक मकान में छिपे आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी। जवानों ने खुद को बचाते हुए जवाबी फायर किया और मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को कई बार सरेंडर का मौका दिया, लेकिन आतंकियों ने फायरिंग जारी रखी। सुरक्षाबलों ने आतंकियों की फायरिंग के बीच ही उनके ठिकाने के आस–पास स्थित मकानों से अन्य लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया। आतंकी मुश्ताक लोन नामक ग्रामीण के मकान में थे। सुरक्षाबलों ने मुश्ताक के परिजनों को भी सुरक्षित निकाला। सुबह आठ बजे समाप्त हुई मुठभेड़ में दोनों आतंकी मारे गए। उनका ठिकाना बना मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। मारे गए आतंकियों की सज्जाद अहमद चक और बासित याकूब नजार के रूप में हुई है

### मुठभेड़

■बारह घंटे में चार आतंकी ढेर, शोपियां और पुलवामा में आपरेशन


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का हुआ सफल प्रक्षेपण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। नासा द्वारा आज जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सफल प्रक्षेपण किया गया। यह अब तक का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली अंतरिक्ष टेलीस्कोप है।

शनिवार को फ्रेंच गयाना के कौरो स्पेसपोर्ट से शोधकर्ताओं ने ब्रह्मांड की उत्पत्ति को समझने में मदद करने के लिए टेलीस्कोप ने उड़ान भरी। इस प्रक्षेपण को लेकर विज्ञान जगत में काफी कौतूहल है। उम्मीद की जा रही है कि इस टेलीस्कोप की नई और अनोखी क्षमता के जरिए वैज्ञानिकों ने ब्रह्माण्ड के कई जगहों के बेहतर आंकड़े मिलेंगे और कुछ बिलकुल नए पिंडों और क्षेत्रों की जानकारी भी मिल सकेगी।

### ब्रह्माण्ड के कई रहस्य सुलझाने में नासा को मिलेगी मदद

ट्रक के आकार के टेलीस्कोप का उद्देश्य ब्रह्मांड में और समय से पीछे की ओर देखना है। खगोलविद नई टेलीस्कोप का उपयोग आकाशगंगाओं के केंद्रों में ब्लैक होल की जांच करने, एक्स्ट्रासोलर ग्रहों पर जीवन के रासायनिक संकेतों की खोज करने और घर के करीब, हमारे अपने सौर मंडल के किनारे पर चंद्रमा पर जमे हुए महासागरों का अध्ययन करने के लिए भी करेंगे।